*पंकज कुमार*
*आई०ए०एस०*
**प्रबन्ध निदेशक**

**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
शक्ति भवन, **14**–अशोक मार्ग
लखनऊ –**226 001**
ई मेल–**mduppcl12@gmail.com**
**दूरमाष : 0522–2288377**

**संख्या :3711 /रेस्पो/विकास खण्ड** **दिनांक:29 अगस्त, 2021**

## कार्यालय ज्ञाप

संज्ञान में यह आया है कि विभिन्न वितरण कम्पनियों के में परिवर्तक रिपेयरिंग कार्यशाला में परिवर्तक रिपेयरिंग हेतु विभिन्न निर्माता/आपूतीकर्ताओं के माध्यम से क्रय किये जा रहे विभिन्न Gauge के Winding Wires की Reel जिस पर Winding wire लिपटा हुआ होता है, उस पर निर्माता/आपूतीकर्ता का नाम एवं क्रयकर्ता का विवरण Engraved/Embossed नहीं होता। जिसके कारण Winding Wires की गुणवत्ता में कोई कमी पाये जाने पर, निर्माता/आपूतीकर्ता से Claim कर पाना सम्भव नहीं हो पाता तथा प्रायः उक्त गुणवत्ताहीन सामग्री को परिवर्तक रिपेयरिंग कार्यशाला में प्रयोग करने के लिये विवश होना पड़ता है। जिसके कारण Repaired Transformer की गुणवत्ता प्रभावित होती है। इस सम्भावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि Winding wire की Reel पर निर्माता/आपूतीकर्ता का नाम एवं क्रयकर्ता का विवरण Engraved/Embossed नहीं होने की आड़ में सन्दिग्ध गुणवत्ता के Winding Wires की आपूर्ती की जा रही हो। Transformer Repairing में Winding Wire एक मुख्य घटक है जिसके कारण परिवर्तक की गुणवत्ता सीधे सीधे प्रभावित होती है।

अतः एतद् द्वारा यह आदेशित किया जाता है कि Transformer Repairing हेतु क्रय किये जाने वाले Winding Wires की Reel पर निर्माता/आपूतीकर्ता का नाम एवं क्रयकर्ता का विवरण अनिवार्य रुप से Engraved/Embossed किया जाना चाहिये। उपरोक्त निर्देशों को विभिन्न Gauge के Winding Wires की स्वीकृत GTP में भी तत्काल प्रभाव से सम्मिलित करते हुये उनका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये।

(पंकज कुमार)
**प्रबन्ध निदेशक**

संख्या :3711 /रेस्पो/विकास खण्ड दिनांक: 29 अगस्त, 2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. अध्यक्ष उ0प्र0पा0का0लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
2. समस्त प्रबन्ध निदेशक, म0वि0वि0नि0लि0 लखनऊ, प0वि0वि0नि0लि0 मेरठ, पू0वि0वि0नि0लि0 वाराणसी, द0वि0वि0नि0लि0 आगरा एवं केस्को कानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता, रेस्पो, उ0प्र0पा0का0लि0 शक्ति भवन लखनऊ।
4. कट फाईल।
5. अधिशासी अभियन्ता वेब साईट, शक्ति भवन, लखनऊ।

(पंकज कुमार)
**प्रबन्ध निदेशक**